# CONTROLLER OF EXAMINATIONS

**RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES, BIKANER**

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

*E-mail - coerajuvas@gmail.com*

*0151-2200829 (O)*

***Prof. (Dr.) Manisha Mathur***
**Controller of Examinations**


No.: F.( )/RAJUVAS/AHDP/Enrollment_2024/759 Date: 07/07/2025

## अधिसूचना

### द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा प्रोग्राम सत्र 2024–25 के विद्यार्थियों के नामांकन (Enrollment)

द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा प्रोग्राम सत्र. 2024–25 में विश्वविद्यालय द्वारा सभी संस्थानों में प्रवेशित विद्यार्थियों के ऑन–लाईन नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 01. | विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.rajuvas.org** पर ऑन–लाईन नामांकन फार्म प्रारम्भ | दिनांक 10.07.2025 से 24.07.2025 तक |
| 02. | विलम्ब शुल्क के साथ नामांकन फार्म भरने की दिनांक (नामांकन शुल्क 700/– तथा विलम्ब शुल्क 10 दिन तक 100/– प्रतिदिन) | 25.07.2025 से 03.08.2025 तक |
| 03. | अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ नामांकन फार्म भरने की दिनांक (नामांकन शुल्क 700/– व विलम्ब शुल्क 1000/– तथा अतिरिक्त विलम्ब शुल्क 5 दिन तक 200/– प्रतिदिन) | 04.08.2025 से 08.08.2025 तक |
| 04. | अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के पश्चात् नामांकन फार्म भरने की दिनांक (नामांकन शुल्क 700/– व विलम्ब शुल्क 2000/– तथा पेनेन्टी शुल्क 1500/–) | दिनांक 09.08.2025 13.08.2025 तक |
| 05 | **दिनांक 13.08.2025 के पश्चात् किसी भी संस्थान में नामांकन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।** | |

**नामांकन फार्म भरने हेतु दिशा निर्देश :**

1. A.H.D.P. के सभी विद्यार्थियों को आनॅलाईन नामांकन प्रपत्र भरने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईड www.rajuvas.org पर दिये लिंक के माध्यम से भरना आवश्यक है। विद्यार्थियों को ऑनलाईन नामांकन फार्म करने के लिए डेस्कटॉप/लेपटॉप के माध्यम से mozila firefox या Internet Explore ब्राउजर का उपयोग करे। मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन फार्म नहीं भरे।
2. सभी संस्थान प्रधान को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सभी विद्यार्थियों (जिसमें 8 छात्र मेनेजमेंट सीट के विद्यार्थी भी सम्मिलित है) के नामांकन प्रपत्र भरने हेतु यूजर आई.डी. व पासवर्ड ई–मेल के माध्यम से भेजे जायेंगे।
3. सभी छात्रों को नामांकन शुल्क 700/–रूपये डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेटबैंकिग के माध्यम से भुगतान करना होगा। जिन विद्याथियों ने सीनियर सैकेण्डरी, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर राजस्थान से उत्तीर्ण नहीं की है उन विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क 700/– रूपये के साथ पात्रता शुल्क 700/– रूपये का भी भुगतान करना होगा। **उक्त नामांकन शुल्क का भुगतान विद्यार्थी अपने स्वयं के बैंक खाते (डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेटबैंकिग) से ही करे अन्यथा भुगतान असफल होने पर विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी को उक्त राशि का रिफण्ड नहीं किया जायेगा। नामांकन फार्म भरने/नामांकन फीस का भुगतान असफल होने/नामांकन फीस रिफण्ड/नामांकन फार्म से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत के लिए विश्वविद्यालय के हेल्प–लाईन नं. 1800–180–6224/0151–2540021 या Email-iumsrajuvas@gmail.com पर ही सम्पर्क करें।**
4. नामांकन प्रपत्र भरते समय विद्यार्थी अपनी निजी जानकारीयां ई–मेंल, आधार संख्या, मोबाईल नं., बैंक अकाउंट डिटेल, ब्लड ग्रुप आदि भी भरें।
5. नामांकन प्रपत्र के पूर्ण भरने के बाद विद्यार्थी नामांकन प्रपत्र का प्रिन्ट आउट लेकर उसकी पूर्णतया जांच करलें। अगर भरे हुए प्रपत्र में किसी बिन्दु पर जानकरी सही नहीं हो तो उसे पैन से सही कर लें। विद्यार्थी उक्त नामांकन प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर कर संस्थान प्रधान को जमा करवावें।
6. संस्थान प्रधान उक्त नामांकन प्रपत्र में भरी हुई विद्यार्थी की सम्पूर्ण जानकारी को दस्तावेजों के आधार पर सत्यापित करने के पश्चात् विद्यार्थीयों की सम्पूर्ण सूचना निर्धारित प्रपत्र में भरकर **SPEED POST के द्वारा निर्धारित तिथि कें पश्चात् परीक्षा नियत्रंक कार्यालय को भिजवावें।**
7. नामांकन फार्म के साथ निम्नलिखित मूल दस्तावेज सलंग्न करना आवश्यक है:–
   (a) सैकण्डरी की अंकतालिका मय प्रमाणपत्र के साथ सत्यापित छायाप्रति।
   (b) सीनियर सैकेण्डरी की अंकतालिका मय प्रमाणपत्र के साथ सत्यापित छायाप्रति।
   (c) मूल निवासी प्रमाण पत्र के साथ सत्यापित छायाप्रति।
   (d) आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति।
   (e) एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी./एम.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के जाति प्रमाण पत्र के साथ सत्यापित छायाप्रति। ओ.बी.सी. का प्रमाण पत्र 01 वर्ष से पुराना नहीं होना चाहिए।
   (f) अन्तराल प्रमाण पत्र : जिन विद्यार्थियों ने सीनियर सैकेण्डी की परीक्षा वर्ष 2024 से पहले उत्तीर्ण की हो उन्हें 50/– रूपये के मूल नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
   (g) अन्तिम पास परीक्षा के बोर्ड या विश्वविद्यालय के प्रवजन पत्र के साथ सत्यापित छायाप्रति।
   (h) स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जो कि अतिंम स्कूल या कॉलेज के द्वारा प्राप्त किया हो, की मूल प्रति।
   (i) छात्र द्वारा संस्थान में प्रवेश के समय विश्वविद्यालय को दिया गया अन्य विश्वविद्यालय या संस्थान में अध्ययन नहीं करने का "हलफनामा" 50/– रूपये के मूल नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर संलग्न करना है।

Conti…2

Manisha

**समस्त संस्थान को निर्देशित किया जाता है कि उक्त दस्तावेज निम्न दो सेट्स (अलग–अलग) सेट नं. 01 व सेट नं. 02 में बनाकर ही इस कार्यालय को आवश्यक रूप से भिजवाये।**

**सेट नं.1.:मूल दस्तावेज** : (वे दस्तावेज जिन्हें नामांकन के पश्चात पुनः सस्थांन को भेजा जायेगा)

(a) सैकण्डरी की अंकतालिका मय प्रमाण पत्र।
(b) सीनियर सैकण्डरी की अंकतालिका मय प्रमाण पत्र।
(c) मूल निवासी प्रमाण पत्र।
(d) जाति प्रमाण पत्र।

**सेट नं.2.: मूल तथा सत्यापित प्रतिलिपिया**, (जिन्हे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के रिकार्ड रूम में रखा जायेंगा)

(a) नामांकन फार्म।
(b) सैकण्डरी की अंकतालिका मय प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि।
(c) सीनियर सैकण्डरी की अंकतालिका मय प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि।
(d) मूल निवासी प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि।
(e) आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
(f) जाति प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि।
(g) बैंक एकाउंट डिटेल (छात्र/छात्रा)
(h) प्रवजन प्रमाण पत्र की मूल एवं प्रतिलिपि।
(i) स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की मूल एवं प्रतिलिपि।
(j) अन्तराल "हल्लफनामा" मूल प्रति एवं प्रतिलिपि।
(k) अन्य विश्वविद्यालय मे अध्ययन नहीं करने का "हल्लफनामा" मूल एवं प्रतिलिपि।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

1. सभी अधिष्ठाता व द्विवर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम की सभी संस्थानों (संस्थान कोड 01 से 103 Except 16, 43, 83) के संस्थान प्रधानों से अनुरोध है कि नामांकन की उपरोक्त सूचना को सभी विद्यार्थियों तक पहुंचाये। विद्यार्थियों के यूजर आई.डी. पासवार्ड, शपथ पत्र प्रोफार्मा (02) व नामांकन के योग्य विद्यार्थियों की सूचना भिजवाने हेतु निर्धारित प्रपत्र संलग्न है।
2. नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट, राजूवास, बीकानेर को प्रकाशन हेतु।
3. कार्यालय पत्रावली/नोटिस बोर्ड।

परीक्षा नियंत्रक